दिनांक 26 मई 2019

स्वच्छ भारत अभियान   स्वच्छ एवं सुंदर भिलाई

आयुक्त एस.के. सुंदरानी ने छावनी दर्री तालाब के सौंदर्यीकरण को लेकर किया निरीक्षण

भिलाईनगर/महापौर एवं भिलाई नगर विधायक देवेंद्र यादव के मंशा अनुरूप छावनी के दर्री तालाब का होगा कायाकल्प, जिसको अमलीजामा पहनाने के लिए नगर पालिक निगम भिलाई के आयुक्त एस.के. सुंदरानी ने आज भरी दोपहरी में जोन क्रमांक 4 क्षेत्र अंतर्गत आने वाले वार्ड 28 छावनी दर्री तालाब के सौंदर्यीकरण को लेकर एक छोर से दूसरे छोर तक तालाब के किनारे का निरीक्षण किया! आयुक्त महोदय द्वारा तालाब सौंदर्यीकरण के कार्य की प्रगति को लेकर आवश्यक जानकारियां प्राप्त की जिस पर सहायक अभियंता अखिलेश चंद्राकर ने बताया कि तालाब का सौंदर्यीकरण कार्य किया जा रहा है , सर्वप्रथम निस्तारि की समस्या को हल करने के लिए घाट निर्माण किया जा चुका है इसके अतिरिक्त दर्री तालाब के सौंदर्यीकरण कार्य में विभिन्न प्रकार के कार्य सम्मिलित किए जाएंगे , जिसका कार्य आदेश एजेंसी राजकुमार सिंह को प्रदान किया गया है! जोन आयुक्त ने बताया कि पेवर ब्लॉक , तालाब किनारे उद्यान निर्माण , विसर्जन के लिए पृथक से कुंड निर्माण , ट्यूबलर पोल एवं विद्युत व्यवस्था सहित सौंदर्यीकरण के लिए अन्य प्रकार की व्यवस्था की जावेगी जिसकी लागत लगभग 40 लाख के करीब है! तालाब का गहरीकरण कार्य किया जा रहा है पहले इस तालाब में पशुओं को नहलाने के लिए उपयोग किया जाता रहा है परंतु आयुक्त के निर्देश पर अब इस तालाब में दैनिक क्रिया एवं निस्तारि के लिए पृथक से घाट निर्माण के साथ-साथ छठ पर्व को देखते हुए भी तैयारियां की जा रही है! इसी तालाब के समीप पशुओं के लिए पेटू भी बनाया गया है तथा छावनी मुक्तिधाम भी समीप है इसको देखते हुए आयुक्त श्री सुंदरानी ने इन तीनों स्थलों को बेहतर तरीके से व्यवस्थित कर क्रियान्वित करने के साथ ही समय पर गुणवत्ता पूर्वक कार्य करने के निर्देश जोन के अधिकारियों को दिए हैं! आयुक्त महोदय द्वारा तालाब के समीप स्थित हैंड पंप जल स्रोत का भी निरीक्षण किया गया जिसमें से पानी के आने के संबंध में मोहल्ले वासियों से पूछताछ की गई !निरीक्षण के दौरान जोन आयुक्त जोन क्रमांक 4 संजय बागड़े, सहायक अभियंता अखिलेश चंद्राकर , संबंधित एजेंसी के राजकुमार सिंह सहित निगम के अधिकारी कर्मचारी मौके पर मौजूद रहे!

जल है तो कल है जल ही जीवन है!